(संशोधित)

**जिलाधिकारी महोदय, कानपुर नगर की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत क्रियान्वित पाइप पेयजल योजनाओं की समीक्षा बैठक दिनांक 14.08.2025 को आहूत समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।**

जनपद कानपुर नगर में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत कराये जा रहे ग्रामीण पाइप पेयजल योजना के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक दिनांक 14.08.2025 को आहूत हुयी, जिसमें निम्न अधिकारी/कर्मचारी उपस्थिति रहें:–

1. जिलाधिकारी महोदया/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, कानपुर नगर।
2. मुख्य विकास अधिकारी महोदया/उपाध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, कानपुर नगर।
3. जिला विकास अधिकारी महोदय, कानपुर नगर।
4. जिला पंचायत अधिकारी, कानपुर नगर।
5. अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कानपुर नगर।
6. समस्त खण्ड विकास अधिकारी, कानपुर नगर।
7. सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कानपुर नगर।
8. डी0पी0एम0यू0 टीम, कानपुर नगर।
9. डी0पी0एम0, टी0पी0आई0 (बी0एल0जी0), कानपुर नगर।
10. प्रोजेक्टर मैनेजर, मै0 वी0एस0ए0, हैदराबाद।
11. प्रोजेक्टर मैनेजर, मै0 वी0टी0एल0–गाजा, नोएडा।

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत कराये जा रहे ग्रामीण पाइप पेयजल योजना के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा निम्नलिखित निर्देश दिये गये :–

- मै0 वी0टी0एल0–गाजा, नोएडा के ए0वी0पी0 श्री मनीष साण्डिल्या द्वारा अवगत कराया गया कि 309 पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 29 नग योजनायें पूर्ण कर ली गयी है। जिस हेतु जिलाधिकारी महोदय द्वारा नाराजगी व्यक्त किया गया कि 2.5 वर्ष पूर्ण होने के पश्चात मात्र 29 नग योजनायें ही पूर्ण की गयी। इसी गति के साथ कार्य कराये जायेंगे तो योजनायें समयान्तर्गत पूर्ण हो पाना सम्भव नहीं है जिस हेतु प्रगति में सुधार एवं योजनायें समयान्तर्गत पूर्ण कराये जाने हेतु अत्यधिक मैनपॉवर लगाकर कार्य कराये जाने हेतु फर्म को निर्देशित किया गया है।

  **(कार्यवाही– मै0 वी0टी0एल0–गाजा, नोएडा)**

- मै0 वी0टी0एल0–गाजा, नोएडा के ए0वी0पी0 श्री मनीष साण्डिल्या द्वारा अवगत कराया गया कि 309 पेयजल योजनायें जिसमें से 183 नग योजनाओं के सापेक्ष 28 योजनायें पूर्ण कर ली है अवशेष 155 नग योजनाओं को माह दिसम्बर, 2025 तक पूर्ण कर ली जायेगी तथा एस0आई0पी0एल0 को सबलेट 126 नग योजनाओं के सापेक्ष 1 नग योजना पूर्ण कर ली है अवशेष 125 नग योजनाओं को माह मार्च, 2026 तक पूर्ण कर ली जायेगी। जिसके सम्बन्ध में जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया है कि समस्त योजनाओं को गुणवत्तापूर्वक/समयान्तर्गत पूर्ण कराते हुए, ग्रामवासियों को नियमित एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें।

  **(कार्यवाही– मै0 वी0टी0एल0–गाजा, नोएडा)**

- मै0 वी0टी0एल0–गाजा, नोएडा के ए0वी0पी0 श्री मनीष साण्डिल्या द्वारा अवगत कराया गया कि 309 पेयजल योजनाओं के अन्तर्गत 1200 नग मैनपॉवर लगाये हुए, निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिसके सम्बन्ध में जिलाधिकारी महोदय द्वारा 1200 नग मैनपॉवर की सूची जिलाधिकारी कार्यालय में उपलब्ध कराये जाने हेतु फर्म को निर्देशित किया गया है।

  **(कार्यवाही– मै0 वी0टी0एल0–गाजा, नोएडा)**

- मै0 वी0टी0एल0–गाजा, नोएडा के ए0वी0पी0 श्री मनीष साण्डिल्या एवं मै0 वी0एस0ए0, हैदराबाद के प्रोजेक्ट मैनेजर श्री रामसरन द्वारा अवगत कराया गया कि पेयजल योजनायें निचले स्थल पर होने के कारण भूमि पर मिट्टी भराई कर समतल कराया जाना अतिआवश्यक है। जिसके सम्बन्ध में जिलाधिकारी महोदय द्वारा जिला खनन अधिकारी, खनन विभाग एवं सम्बन्धित उप जिलाधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए, निराकरण कराये जाने हेतु सम्बन्धित फर्म को निर्देशित किया गया है।

  **(कार्यवाही–जिला खनन अधिकारी, खनन विभाग/उप जिलाधिकारी)**

➤ मै0 वी0टी0एल0–गाजा, नोएडा के ए0वी0पी0 श्री मनीष साण्डिल्या द्वारा अवगत कराया गया कि 12 पेयजल योजनाओं में मर्जिंग की स्थिति होने तथा 03 नग योजनाओं में विवादित भूमि मा0 न्यायालय में याचिका दाखिल है, जिसके सम्बन्ध में जिलाधिकारी महोदय द्वारा परियोजना निदेशक, डी0आर0डी0ए0, कानपुर नगर से समन्वय स्थापित करते हुए, निराकरण कराये जाने हेतु फर्म को निर्देशित किया गया है।

**(कार्यवाही– मै0 वी0टी0एल–गाजा, नोएडा)**

➤ मै0 वी0एस0ए0, हैदराबाद के प्रोजेक्ट मैनेजर श्री रामसरन द्वारा अवगत कराया गया कि 116 पेयजल योजनाओं के सापेक्ष 23 नग योजनायें पूर्ण कर ली गयी है। जिस हेतु जिलाधिकारी महोदय द्वारा नाराजगी व्यक्त किया गया कि 03 वर्ष पूर्ण होने के पश्चात मात्र 23 नग योजनायें ही पूर्ण की गयी। इसी गति के साथ कार्य कराये जायेंगे तो योजनायें समयान्तर्गत पूर्ण हो पाना सम्भव नहीं है जिस हेतु प्रगति में सुधार एवं योजनायें समयान्तर्गत पूर्ण कराये जाने हेतु अत्यधिक मैनपॉवर लगाकर कार्य कराये जाने हेतु फर्म को निर्देशित किया गया है।

**(कार्यवाही– मै0 वी0एस0ए0, हैदराबाद)**

➤ मै0 वी0एस0ए0, हैदराबाद के प्रोजेक्ट मैनेजर श्री रामसरन द्वारा अवगत कराया गया कि 116 नग योजनाओं के सापेक्ष 23 योजनायें पूर्ण कर ली है। अवशेष 93 नग योजनाओं में से 50 नग योजनाओं को माह दिसम्बर, 2025 तक पूर्ण कर ली जायेगी एवं 43 नग योजनाओं को माह मार्च, 2026 तक पूर्ण कर ली जायेगी। जिसके सम्बन्ध में जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया है कि समस्त योजनाओं को गुणवत्तापूर्वक/समयान्तर्गत पूर्ण कराते हुए, ग्रामवासियों को नियमित एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें।

**(कार्यवाही– मै0 वी0एस0ए0, हैदराबाद)**

बैठक ससमय सम्पन्न हुयी।

**अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव**
**जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति,**
**उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),**
**कानपुर नगर**

**पत्रांक–** 4279 / W-13/462 **दिनांक** 20-8-2025
**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं अवलोकनार्थः–**

1. जिलाधिकारी महोदय/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, कानपुर नगर।
2. मुख्य विकास अधिकारी महोदया/उपाध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, कानपुर नगर।
3. जिला विकास अधिकारी महोदय, कानपुर नगर।
4. जिला पंचायत अधिकारी, कानपुर नगर।
5. मुख्य अभियन्ता (का0क्षे0) महोदय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),कानपुर नगर को सादर सूचनार्थ।
6. अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर नगर सूचनार्थ। ।
7. अधिशासी अभियन्ता (वि0/यां0), खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर नगर।
8. समस्त सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर, खण्डान्तर्गत।
9. मै0 वी0एस0ए0–एस0एम0सी0, हैदराबाद।
10. मै0 विन्ध्य टेलीलिन्क्स–गाजा प्रा0 लि0, नोएडा।
11. डी0पी0एम0यू0, कानपुर नगर।
12. टी0पी0आई0 हेतु नामित एजेन्सी।

**अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव**

E:\KNP\2025-26\DM Meeting\Karyavart 14.08.2025.doc